
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सड़क में जगह-जगह पड़े गड्ढे दे रहे दुर्घटना को दावत

**जिम्मेदार कौन**

## बेरीनाग राईआगर मोटर मार्ग विगत लंबे समय से पड़ा है खस्ताहाल

सड़क की स्थिति को लेकर धरातल पर कोई प्रयास नही किए गए

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। बेरीनाग राईआगर सड़क विगत एक साल से खस्ताहाल पड़ी हुई है। सड़क में जगह जगह पड़े गड्ढे दुर्घटना को दावत दे रहे है। वही आलम यह है कि अब तक सड़क को ठीक न किये जाने से क्षेत्र के ग्रमीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। वर्तमान में मानसून काल पूरी तरह से रफ्तार में है। वही अब तक यहां पर सड़क की स्थिति को लेकर धरातल पर बेहतर ढ़ग से कोई भरसक प्रयास नही किये गये।

बता दें कि विगत एक साल से सड़क का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिये जाने से आम जनमानस के साथ इस सड़क से होकर गुजरने



वाले वाहन सवारों को दुर्घटना का दंड झेलना पड़ रहा है। दूसरी ओर रोजाना हो रही इलाके में भारी बारिश के चलते सड़कों में बन चुके गड्ढों में पानी भर जाने से इलाके के ग्रमीणों की मुश्किलें और भी ज्यादा बढ़ने लगी है। इलाके में दोपहिया वाहन चालक रोजाना रपट खाने को भी मजबूर हो रहे है। दूसरी ओर इलाके के ग्रमीणों को छह किमी तक का सफर तय करने में आधे से एक घंटे तक का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है।

सड़क किनारे नाली का निर्माण न होने से स्थानीय ग्रामीणों के घरों में पानी घुसने की संभावना ज्यादा बढ़ रही है। क्षेत्र के ग्रमीणों का कहना है कि इस बारे में शासन प्रशासन को कई बार लिखित रूप से समस्या से अवगत करा दिया गया है मगर आजतक समस्या का हल नहीं निकल सका है।

बरसात के मौसम के चलते विभाग ने स्थाई नाली नही बनाई है ऐसे में मुश्किलें और भी ज्यादा बढ़ने लगी है। दूसरी ओर स्थानीय ग्रमीणों को जान हथेली पर रखकर आवागमन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस मोटर मार्ग की दशा न सुधारे जाने से इलाके के ग्रमीणों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने शुरू कर दिये है।

## न्यूज डायरी

### बहुदेशीय शिविर में जनता की समस्याओं का किया गया समाधान

**संवाददाता** पिथौरागढ़। तल्ला जोहार के सामुदायिक भवन में उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बहुद्देशीय शिविर में जनता की समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान ग्रमीणों के बीपीएल , परिवार रजिस्टर सहित कई प्रमाण पत्र भी जारी किये गये। वही शिविर में विभागीय स्टाल लगाकर ग्रमीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। वही इस शिविर में राजस्व विभाग ने बहतर समस्याओं का निराकरण भी किया। ग्राम्य विकास के स्टाल पर पंद्रह बीपीएल ,पांच जन्म प्रमाण पत्र,इक्कीस परिवार रजिस्टर ,तीन राशन कार्ड जारी कर व्रद्धावस्था के आठ आवेदन भी स्वीकृत किये गये। वही पूर्ति विभाग द्वारातीन राशन राशन कार्ड आनलाइन भी किये गये।

### भाजपा ने कर्णप्रयाग रेलवे लाइन, ऑलवैदर रोड जैसे कई ऐतिहासिक कार्य किये

**संवाददाता** चमोली। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, संस्कृति मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी गौचर मण्डल कार्यसमिति की बैठक में प्रतिभाग कर कार्यकर्ताओं और मण्डल पदाधिकारियों से कहा कि वर्तमान में हमारे समक्ष अनेक चुनौतियां हैं। ऐसे में हमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। गौचर मण्डल कार्यसमिति की बुधवार को नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ साथ प्रदेश में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन और ऑलवैदर रोड जैसे ऐतिहासिक कार्यों के विषय को गांव-गांव तक पहुंचाना चाहिए।

### आशाओं, भोजनमाताओं को राशन किट वितरित किए

**संवाददाता** देहरादून। हंस फाउंडेशन के प्रेरणास्रोत भोले जी महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश रावत द्वारा कैंट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 31 कौलागढ़ में ब्राह्मणजनों व पंडितों एवं आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, भोजनमाताओं व उनकी सहयोगी कार्यकत्रियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सभी को राशन किट, मास्क, सैनिटाइजर व एवं पौधे व गिलोय भेंट किया गये। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष कमली भट्ट एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री सुमन सिंह उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों एवं ब्राह्मणजनों का शॉल एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

## फार्मासिस्टों को हटाने के विरोध में धरने पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट

**संवाददाता** हल्द्वानी। प्रशिक्षित बेरोजगार एलोपैथिक डिप्लोमा फार्मासिस्ट महासंघ कुमाऊं मंडल के सदस्यों ने बुधवार को बुद्ध पार्क में धरना दिया। उन्होंने स्वास्थ्य उपकेंद्रों में फार्मासिस्टों को हटाने का विरोध किया और कहा कि इन केंद्रों में नियमित तौर पर फार्मासिस्ट नियुक्त किया जाना चाहिए। यह आम जन के हित में भी है।

बुद्ध पार्क में प्रदर्शन के दौरान कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विपिन डसीला ने कहा कि इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टेंडर्ड (आइपीएचएस) को राज्य में लागू किया गया है। इसके तहत राज्य के उपकेंद्रों में तैनात फार्मासिस्टों को मुख्य अस्पतालों में भेज दिया गया है। अब उन उपकेंद्रों पर फार्मासिस्ट नहीं रखे जा रहे हैं। हम लोग इसका विरोध करते हैं। नए सीएम पुष्कर सिंह धामी से अनुरोध करते हैं कि सरकार नीति में बदलाव कर सभी उपकेंद्रों में फार्मासिस्टों की नियुक्तियों पर विचार करें। इससे जहां राज्य के तमाम डिप्लोमा फार्मासिस्टों को रोजगार मिलेगा। वहीं उपकेंद्रों के जरिये क्षेत्रीय लोगों को स्वास्थ्य लाभ भी मिल सकेगा।

मंडल महामंत्री कमलेश बिष्ट ने कहा कि ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 व फार्मासिस्ट एक्ट 1948 में स्पष्ट है कि दवाइयां का भंडारण, वितरण व दवाइयों से जुड़े कार्य फार्मासिस्ट ही करेंगे। जबकि, सरकार कई जगह बिना फार्मासिस्टों के भी दवाइयां का वितरण कर रही है। यह गलत है। हम इस तरह की नीति का भी विरोध कर रहे हैं।



## सीएम ने बाजपुर के किसानों के प्रतिनिधि मण्डल ने भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में विधायक हरभजन सिंह चीमा के नेतृत्व में आये बाजपुर के किसानों के प्रतिनिधि मण्डल ने भेंट की। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों की भूमि के नियमितीकरण में हो रही परेशानियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसानों के व्यापक हित में इस पूरे मामले के जल्द समाधान के प्रयास किए जायेंगें।

## ड्यूटी से लौट रहा स्कूटी सवार होमगार्ड बहा, सर्च ऑपरेशन तेज

**संवाददाता** चौखुटिया (अल्मोड़ा)। उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश से उफनाया रामगंगा का सहायक बरसाती नागाड़ गधेरा स्कूटी सवार होमगार्ड के जवान को बहा ले गया। वह तड़के ड्यूटी कर अपने गांव लौट रहा था। गधेरा पार करते वक्त हादसा हो गया। सौ मीटर दूर स्कूटी बरामद कर ली गई। मगर जवान का कोई पता नहीं लगा है। पुलिस व ग्रामीणों ने भिकियासैंण तक सर्च अभियान चलाया। दोपहर एसडीआरएफ के गोताखोरों ने भी ऑपरेशन शुरू कर दिया। दुर्घटना तड़के साढ़े चार बजे के आसपास की है। सौनगांव निवासी मोहन सिंह का 24 वर्षीय पुत्र राकेश किरौला ड्यूटी पूरी करने



के बाद स्कूटी यूके 01 सी 7131 से घर की ओर निकला। रातभर भारी बारिश से नागाड़ गधेरा उफान पर था। अंधेरा होने के कारण राकेश तेज बहाव का अंदाजा न लगा सका। गधेरा पार करते वक्त पानी के थपेड़े उसे मय वाहन बहा ले गए। ग्रामीणों की सूचना पर तहसीलदार हेमंत कुमार मेहरा व एसओ अशोक कांडपाल राहत व

बचाव दल लेकर पहुंचे। ग्रामीणों के साथ मासी से भिकियासैंण तक 16 किमी के दायरे में रामगंगा नदी क्षेत्र में घंटों तलाशी अभियान चलाया गया। एसडीआरएफ की टीम भी सर्च में जुट गई है। उधर परिजनों को चिंता सताने लगी है।

राकेश सिंह आठ माह पूर्व ही होमगार्ड में भर्ती हुआ। वह परिवार में सबसे छोटा है।

**बैकलाइट जली देखी तो मचा हड़कंप**

सुबह करीब साढ़े पांच बजे आसपास ही रहने वाले राजेंद्र कुमार व चंदन प्रसाद रोज की तरह दौड़ के लिए निकले। रामगंगा क्षेत्र में दूर उन्होंने जलमग्न स्कूटी की बैकलाइट जली देखी। जोखिम उठाकर दोनों मौके पर पहुंचे। स्कूटी का नंबर पहचाना तो ग्रामीणों को बताया। तब राकेश की तलाश शुरू की गई।

## उत्तराखंड विधानसभा चुनावों में राष्ट्र निर्माण पार्टी का आगाज

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड देवभूमि में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनावों में राष्ट्र निर्माण पार्टी बीजेपी, कांग्रेस व आप जैसी पार्टियों के विरूद्ध एक सशक्त विकल्प के रूप में भाग लेगी। यह घोषणा करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार, जिन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं मध्य प्रदेश एवं गृह विभाग में प्रतिनियुक्ति पर रहते हुए पश्चिम बंगाल, अरुणाचल, असम एवं दिल्ली में दी हैं, ने बताया कि उत्तराखंड को ही यह गौरव प्राप्त है कि यह आदि शंकराचार्य एवं महर्षि दयानंद जैसे महापुरुषों की तपोस्थली रही है। डॉ. कुमार ने कहा कि सबकी उन्नति में अपनी उन्नति यह हमारे राजनैतिक दर्शन का आधार है, जबकि अधिकांश राजनेता व पार्टियां अपना या अपनों के विकास में लगे हुए हैं। आप अपने आसपास नजर घुमाकर देख लें, आपको पता लग जाएगा कि किसने कितना विकास किया है। जैसा कि राष्ट्र निर्माण नाम से ही स्पष्ट है कि हम राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हैं।